गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

32/अई0शा0प0सं0-22(9)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 06 मार्च, 2014

प्रिय महोदय,

चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अन्तर्गत अपर गन्ना आयुक्त के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 03.03.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा डा0 कृपाल सिंह को अपर गन्ना आयुक्त के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. पात्रता सूची के क्रमांक-2 से 8 तक अवस्थित अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां अपूर्ण/अप्राप्त हैं। अत: इन अधिकारियों के संबंध में विचारण आस्थगित रखते हुये चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि इन अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां शीघ्र पूर्ण कर ली जाय।

3. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

4. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री राहुल भटनागर,
प्रमुख सचिव,
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in